## प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **07-08-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1-महिला को आत्महत्या के लिये उकसाने,जिस कारण महिला द्वारा फासीं लगाकर आत्महत्या करने लेने के प्रकरण का आरोपी गिरफ्तार,थाना बिलारीः-**



अवगत कराना है दि0 12.07.2025 को वादी निवासी थाना शाहबाद जनपद रामपुर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादी की बहन को आत्महत्या के लिये उकसाने ,जिससे वादी की बहन द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के संबंध में तहरीर दी,तहरीर के आधार पर थाना बिलारी पर मु0अ0सं0-323/2025 धारा-108 BNS पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 07.08.2025 को व0उ0नि0 अशोक कुमार थाना बिलारी द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी सलीम उर्फ साजिद अली पुत्र निज़ाकत हुसैन निवासी ग्राम रुस्तम नगर सहसपुर थाना बिलारी,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार आरोपीः-**

सलीम उर्फ साजिद अली पुत्र निज़ाकत हुसैन निवासी ग्राम रुस्तम नगर सहसपुर थाना बिलारी,मुरादाबाद

**2-गाली-गलौज,मारपीट व जान से मारने की नित से हमला करने का एक आरोपी गिरफ्तार,थाना मैनाठेरः-**

अवगत कराना है आज दिनांक 07.08.2025 को वादी सरताज पुत्र इकरार निवासी ग्राम अल्लापुर भींकन थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी की पत्नी के साथ गाली गलौच करने व वादी द्वारा विरोध करने पर विपक्षीगण एक राय होकर अपने हाथों में लाठी व सरिया लेकर जानसे मारने की नियत से हमला करने व बचाने आये भाई अनवार व पिता इकरार के साथ भी बुरी तरह मारपीट करने व वादी के सिर में गम्भीर चोटे आने व मुल्जिमान मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी देते हुये चले जाने के सम्बन्ध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0-166/2025 धारा-115(2)/351/352/109 बी.एन.एस. पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 07.08.2025 को उ0नि0 श्री देवेन्द्र उपाध्याय थाना मैनाठेर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी कलुआ उर्फ कल्लू पुत्र मजहर अली निवासी ग्राम अल्लापुर भीकन थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया तथा अभि0 की निंशादेही पर घटना में प्रयुक्त सरिया बरामद किया गया।



**गिरफ्तार आरोपीः-**

कलुआ उर्फ कल्लू पुत्र मजहर अली निवासी ग्राम अल्लापुर भीकन थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

उ0नि0 देवेन्द्र उपाध्याय थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद
हे0का0 कपिल तोमर थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद
का0 रवि कुमार थाना मैनाठेर जनपद मुरादाबाद

**3.-अवैध चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार,थाना मूंढापाण्डेः-**



अवगत कराना है आज दिनांक 07.08.2025 को उ0नि0 श्री दीपक कुमार थाना मूँढापाण्डे द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी कासिम पुत्र रईश नि0 ग्राम हरदासपुर कोटरा थाना अजमनगर जनपद रामपुर को एक अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना मूंढापाण्डे पर मु0अ0सं0-352/2025 धारा-4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार आरोपीः-**

कासिम पुत्र रईश नि0 ग्राम हरदासपुर कोटरा थाना अजमनगर जनपद रामपुर

**4- जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में 10 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 10 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**थाना मूंढापाण्डे - 02, थाना बिलारी - 05, थाना ठाकुरद्वारा- 01,थाना छजलैट-02**

उत्तर प्रदेश पुलिस